सार-समाचार

चोरी की चार मोटरसाईकिलें बरामद

कपासन, । कपासन कस्बे से चोरी की गई मोटर साईकिल के मामले में कपासन थाना पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी से कपासन से चोरी गई चार मोटर साईकिले बरामद की गई हैं। आरोपी उच्च दर्जे का बदमाश होकर पूर्व में भी चोरी के मुकदमे में गिरफतार हो चुका है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी द्वारा जिले में हुई नकबजनी व चोरियों के विरूद्ध कार्यवाही एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिले के समस्त पुलिस अधिकारीयों को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में एएसपी सरिता सिंह एवं डीएसपी कपासन हरजी लाल यादव के सुपरविजन में थानाधिकारी कपासन रतन सिंह पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। कपासन बस स्टैंड से बुकिंग क्लर्क रोशनलाल जाट की मोटर साईकिल चोरी के मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच की गई। जिसमें पुलिस टीम द्वारा तकनीकी व सीसीटीवी फुटेज से अनुसंधान करते हुए चोरी की वारदात करने वाले संदिग्ध आरोपी उदयपुर जिले के फतेहनगर निवासी 24 वर्षीय डिम्पी खां पुत्र फकरू खान पठान से पूछताछ कर गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय से पुलिस रिमांड पर लिया गया। उससे उक्त घटना मे चोरी की गई मोटर साईकिल एंव कपासन कस्बे से अलग अलग जगहों से चोरी की गई तीन अन्य मोटर साईकिलों को बरामद किया गया।

साइबर अपराध पर हुई विचारगोष्ठी

बांसवाड़ा,(निसं)। डॉ नागेन्द्र सिंह विधि महाविद्यालय में साइबर विधि एवं साइबर अपराध की जागरुकता पर विचार गोष्ठी हुई। जिसमें मुख्य वक्ता इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता सत्येन्द्र तिवारी ने आईटी एक्ट 2000 एवं साइबर अपराधों हैकिंग, पर्सनल डाटा का दुरुपयोग, बुलींग और डिजीटल अरेस्ट तथा साईबर अपराधों की रोकथाम और उनके प्रति सजग एवं सावधान रहने पर बल दिया। साइबर एक्सपर्ट हिमांशु जैन ने साइबर अपराधो की रोकथाम के लिए भावावेश में न आकर लालच एवं डर से दूर रहने की हिदायत दी। साइबर थाना सहायक उपनिरीक्षक प्रवीण सिंह ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं साइबर पोर्टल सीईआईआर डॉट जीओवी डॉट इन पर शिकायत करने सम्बन्धी जानकारी दी। आभार व्यक्त करते हुए प्राचार्य डॉ विक्रम सिंह ने साइबर में कैरियर एवं विज्ञान तकनीकी और सूचना प्रौद्योगिकी के इस युग में सभी के लिए साइबर जागरुकता की आवश्यकता से अवगत कराया। विचारगोष्ठी में सहायक आचार्य डॉ दिनेश कुमार तेली, डॉ ओम प्रकाश, डॉ अपरा प्रजापत, हिमानी जोशी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। संचालन संयोजक अपूर्वा जैन ने किया।

जनशक्ति दल के संरक्षक मनोनीत

उदयपुर, । मेवाड़ जनशक्ति दल राजस्थान द्वारा संगठन के प्रेरणा प्राथेय स्वामी हितेश्वरानंद सरस्वती की अनुशंसा पर कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। मेवाड़ जनशक्ति दल के संस्थापक नरेश कुमार शर्मा ने शुक्रवार को कोर कमेटी की बैठक में सर्व समिति से समाजसेवी, उद्योगपति स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण) के समन्वयक के के गुप्ता को संगठन में संरक्षक के दायित्व पर मनोनीत किया। के के गुप्ता संगठन के मजबूत स्तंभ बनकर समाज सेवा, धर्म प्रचार, संस्कृति की सुरक्षा में सहायता प्रदान करेंगे। यह जानकारी जिला अध्यक्ष देवेंद्र बोयल दी।

आभार जताया

बांसवाड़ा । लालीवाव मठ के पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर महंत हरिओमदास महाराज ने हाल ही सम्पन्न आठ दिवसीय विराट धार्मिक महोत्सव को सफल एवं यादगार बनाने के लिए सभी धमार्नुरागियों का आभार व्यक्त किया और इनकी आत्मीय सहभागिता को सनातन परम्पराओं के संरक्षण एवं संवर्धन में अहम निरूपित किया है। महामण्डलेश्वर ने सभी सहभागियों एवं सहयोगियों के प्रति मंगलकामनाएं व्यक्त करते हुए आशीर्वाद दिया है और विश्वास व्यक्त किया है कि मठ की ओर से आगामी समय में सनातन परम्पराओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए होने वाले आयोजनों में इसी प्रकार का सहयोग एवं सहभागिता प्राप्त होती रहेगी।

पशु से टकराने से युवक घायल

डूंगरपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के बलवाडा गांव में एक बाइक पशु से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गया। जिसे एम्बुलेंस से डूंगरपुर अस्पताल पहुंचायाए जहां उसका इलाज जारी है। जालुकुंआ निवासी जीवराम पुत्र हाजा मेणात गुरुवार रात करीब 9 बजे डूंगरपुर से बाइक लेकर अपने गांव की ओर जा रहा था। रास्ते में बलवाडा गांव के पास सडक पर अचानक से पशु आ गया। इससे जीवराम की बाइक पशु से टकरा गई। इससे वह नीचे गिरा और हाथए पैर और शरीर में कई जगह गंभीर चोट आई। रास्ते से गुजर रहे दूसरे गाडी वालों ने 1०8 एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर 1०8 पायलट सत्य नारायण लबाना और ईएमटी हरिराम ननोमा पहुंचे। घायल जीवराम को गंभीर हालत में डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती करायाए जहां उसका इलाज जारी है। वहीं घटना को लेकर कोतवाली पुलिस जांच कर रही है।

जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन

डूंगरपुर। स्कूल टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया एसटीएफ आई के आव्हान पर राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत जिला कमेटी डूंगरपुर की ओर से प्रांतीय उपाध्यक्ष हेमंतकुमार खराडी के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष मणिलाल मालीवाड, जिला मंत्री धनराज खराडी, उपाध्यक्ष राजकुमार परमार, रामलाल भगोरा,केशव कोटेड, शान्तिलाल गमेती, धारासिंह परमार, अनिल आमलिया, अनिल बरंडा सहित 1० सदसीय दल ने शुक्रवार को संसद के समक्ष जंतर मंतर पर नई दिल्ली पर पूरे देश में ओपीएस की बहाली, एनसीपी 2०2० को निरस्त करने, अस्थाई संविदा भर्ती पर रोक लगाने सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में भाग लिया। यह जानकारी संगठन जिला प्रवक्ता लीलाराम भगोरा ने दी।

विश्व शांति के लिये हवन किया

बांसवाड़ा, (निसं)।सुमतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर बाहुबली कॉलोनी जिनालय में आर्यिका शिखरमति एवं विकाम्या माता ससंघ के सानिध्य में इन्द्रध्वज महामण्डल विधान के तहत ब्रह्मचारी आशीष भैय्या के निर्देशन में हवन क्रिया की गयी। भक्तों ने मंत्रोच्चार के साथ हवन में आहुतियां दी। प्रवचन के दौरान गुरु मां ने कहा कि 10 दिन विधान में बैठकर जो पूजा अर्चना माला की उसका फल सभी को अवश्य मिलेगा क्योंकि भक्ति में चमत्कार हुआ करता है। उन्होंने कहा कि धर्म करने से धन-सम्पदा शरीर के कष्टो से मुक्त हो जाया करते है।

'जन कल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें'

बांसवाड़ा, (निसं)। वर्तमान सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में 2 दिसंबर को प्रात: 11 बजे आयोजित होने वाली बैठक में संशोधन किया गया है, अब यह बैठक इसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे हाईब्रिड मोड से आयोजित की जाएगी।

यह जानकारी अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ने देते हुए बताया कि वी.सी. लिंक पृथक से प्रेषित कर दिया जाएगा। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने अधिकारियों से कहा कि वे केन्द्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को इससे जोडक़र लाभान्वित करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों में तेजी लाएं। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक में

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य को तीर-कमान भेंट करते जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत सिंह यादव, पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला एवं टीएडी विभाग के अधिकारी।

आर्य ने कहा कि इन योजनाओं के फायदों के बारे में लोगों को बताएं ताकि वे इनका लाभ पाने की दिशा में प्रेरित होकर आगे आ सकें।

बैठक में आयोग की ओर से तैयार किये गये बिन्दुओं व प्रश्नों के बारे में संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली और प्रशासन द्वारा पीपीटी के माध्यम से प्रजेंटेशन करने पर कार्य में अच्छी प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने प्रधानमंत्री सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री बीमा योजना, वनाधिकारों के नियमों, वनाधिकारों के पट्टा वितरण को लेकर संबंधी विभाग से अब तक की प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि योजना का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे।

उन्होंने वनाधिकार पट्टों को लेकर वन विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि वे नियमों के तहत कार्यवाही कर पट्टा वितरण कार्य करें और इसके लिये कमेटी का गठन कर इसकी समीक्षा करें। साथ ही उन्होंने 13 दिसम्बर 2005 के पूर्व के काबिज आदिवासियों को पट्टे देने की कार्यवाही करने के कड़े निर्देश देते हुए दो सप्ताह में आयोग को अवगत कराने को कहा। जल जीवन मिशन के

> ■ **आर्य ने कहा कि इन योजनाओं के फायदों के बारे में लोगों को बताएं ताकि वे इनका लाभ पाने की दिशा में प्रेरित होकर आगे आ सकें**

तहत चल रहे कार्यों में गति लाते हुए घर-घर कनेक्शन कार्य को समय पर पूरा करने के भी निर्देश दिये।

उन्होंने ग्राम पंचायत स्तर पर वन सुरक्षा समिति को प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन करने के भी निर्देश दिये और सभी से आग्रह किया कि वे एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत पेड लगाएं और जिले को हरा-भरा बनाते हुए प्रदूषण से बचाएं।

इस्कॉन द्वारा हरे कृष्ण संकीर्तन का आयोजन

डूंगरपुर। डूंगरपुर के नालंदा बेंगलोज में शुक्रवार प्रातः इस्कॉन उदयपुर के अध्यक्ष प्रभु मायापुर वासी अपनी टीम सहित हरे कृष्ण संकीर्तन में भाग लिया।

इस अवसर पर डॉ.नेत्रपाल के परिवार और प्रवीण श्रीमाल विनोद पंचाल द्वारा उनका फूलमाला आरती से स्वागत किया गया। उदयपुर इस्कॉन के अध्यक्ष मायापुर वासी प्रभु और उनकी टीम द्वारा बेंग्लोज में स्थित मंदिर प्रांगण में भागवत गीता पर चर्चा के साथ हरे कृष्ण हरे राम संकीर्तन किया गया। साथ ही आगामी गीता जयंती कार्यक्रम को डूंगरपुर में इस्कॉन के माध्यम से मनाई जाए इस पर भी चर्चा की गई। जिसमे शहर में गीता वितरण के साथ संकीर्तन रैली के आयोजन पर भी चर्चा हुई। नालंदा बेंग्लोज में उपस्थित निवासियों और इस्कॉन के भक्तों द्वारा प्रभु के डूंगरपुर पधारने पर उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर इस्कॉन चिराग शाह सहित बडी संख्या में कॉलोनी के लोग और कई गण मान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पुलिस ने दिलवाया एक विधवा के मकान पर जबरदस्ती अवैध कब्जा

प्रतापगढ़, । प्रतापगढ़ पुलिस ने आज एकतरफा कार्यवाही करते हुए प्रतापगढ़ के राजेंद्र नगर कॉलोनी में एक विधवा के मकान पर अवैध कब्जा दिलवाया। निकटवर्ती गांव झांसड़ी निवासी स्व. कैलाश शर्मा के राजेंद्र नगर कॉलोनी में स्थित मकान पर गांव अरनिया निवासी दुर्गेश तेली लंबे समय से बिना किराया दिए अवैध कब्जा कर रह रहा था। विगत 24 जुलाई को कैलाश शर्मा की मृत्यु के पश्चात उनकी विधवा श्यामा बाई और उनके परिवार ने दुर्गेश तेली से मकान खाली करने की बात कही तो उसने मकान खाली करने से मना कर दिया और स्वयं किरायेदार होते हुए भी उल्टा कैलाश से पैसे मांगने की बात कही। परिवार ने जब इस संबंध में दुर्गेश से हिसाब किताब संबंधित दस्तावेज देने की मांग की तो उसने कोई दस्तावेज पेश नहीं किया और उल्टा परिवार की सदस्यों को मुकदमों में फंसाने की धमकी दी। दुर्गेश के मकान खाली नहीं करने पर परिवार ने प्रतापगढ़ थाने में परिवाद दिया जिस पर पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की और आपस में समझौता करने को कहा। बार-बार समझाने पर भी दुर्गेश के द्वारा मकान खाली नहीं करने और पुलिस से सहयोग नहीं मिलने पर आज श्यामा बाई और उनके परिवार ने मकान से दुर्गेश का सामान बाहर निकाल दिया। अवैध कब्जे पर कोई कार्यवाही नहीं करने वाली पुलिस ने इस पर एक तरफा कार्यवाही करते हुए श्यामा बाई एवं उनके परिवार के सदस्यों को पकड़ कर थाने में बिठा लिया एवं बाहर निकला हुआ सामान वापस मकान में रखवा दिया। इस प्रकार प्रतापगढ़ पुलिस ने एक विधवा के मकान पर अवैध कब्जे को प्रोत्साहित करने का काम किया है। श्यामा बाई का झांसड़ी में कच्चा मकान है जिसमें वह अपने दो बच्चों और बुजुर्ग ससुर के साथ रह रही है। परिवार के पास खेती के अलावा आय का कोई अन्य स्त्रोत नहीं है। ऐसे में अवैध कब्जाधारी दुर्गेश तेली का इरादा उनके मकान को हड़पने का है।

बिजली कार्मिकों ने किया कार्य बहिष्कार

डूंगरपुर। बिजली के क्षेत्र में उत्पादन, प्रसारण और निगमों में विभिन्न प्रक्रियाओं व एचएएम मॉडल के नाम पर किए जा रहे निजीकरण के विरोध में शुक्रवार को बिजली विभाग के कार्मिकों ने कार्य का बहिष्कार किया। डूंगरपुर शहर के एसई ऑफिस पर बिजली कार्मिकों ने निजीकरण के विरोध में धरना देकर प्रदर्शन किया। वहींए कलेक्ट्रेट तक रैली निकालते हुए सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। कार्य बहिष्कार के तहत बिजली कार्मिकों ने एसई ऑफिस के बाहर धरना देकर प्रदर्शन किया। राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के आ ान पर डूंगरपुर जिले में भी बिजली विभाग के कार्मिकों ने निजीकरण के विरोध में शुक्रवार को अपने कार्य का बहिष्कार किया। वहीं, कार्य बहिष्कार के तहत बिजली कार्मिकों ने एसई ऑफिस के बाहर धरना देकर प्रदर्शन किया। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सरकार ने सभी डिस्कॉम में विद्युत केन्द्रों का संचालन, ट्रंकी बेसिस स्कीम, एमबीसी मीटरिंग, बिलिंग व कलेक्शन, के नाम पर और प्रसारण निगम को कलस्टर व इनविट मॉडल सहित उत्पादन निगम को जॉइंट वेंचर मॉडल के आधार पर निजीकरण पर देने के टेंडर निकाल दिए है।

भाजपा संगठन पर्व को लेकर दूसरे चरण की बैठक सम्पन्न

डूंगरपुर। अटल बिहारी वाजपेयी भवन में भारतीय जनता पार्टी की संगठन पर्व को लेकर दूसरे चरण की बैठक जिलाध्यक्ष हरीश पाटीदार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में नारायण पुरोहित संगठन पर्व के प्रदेश प्रभारी,प्रदेश सह-प्रभारी सुशील कटारा प्रमोद सामर डूंगरपुर संगठन पर्व पर्यवेक्षक, संगठन पर्व जिला सह-संयोजक गजेंद्रसिंह चौहान, संगठन पर्व के जिला सह.सयोजक प्रभु पंड्या रहे मंचासीन अथितियों में विधायक शंकर डेचा,पूर्व विधायक गोपीचंद मीणाएविधायक प्रत्याशी बंसीलाल कटारा एजिला प्रमुख सूर्या आहारी एप्रदेश मंत्री अनीता कटाराए जिला महामंत्री नानूराम परमार, इंद्रवीर सिंह रहे।

जिला मीडिया प्रभारी हर्ष शर्मा ने बताया संगठन पर्व की बैठक शुक्रवार को रखी गई जिसमे जिलाध्यक्ष हरीश पाटीदार ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा की प्राथमिक सदस्यता एवं सक्रिय सदस्यता संगठन पर्व की मूलधुरी है इसलिए सदस्यता अभियान की भूमिका निर्णायक है। प्रभु पण्ड्या संगठन पर्व को लेकर प्रभारी मंडल अध्यक्ष सहयोगियों से वृत्त ओर उपस्थिति ली। संगठन पर्व के नारायण पुरोहित संगठन पर्व की जानकारी देते हुए बताया की शक्ति केंद्र से बूथ की रचना होती है परंतु बूथ की रचना ऐसी हो बूथ नये युवाओ को मोका मिले। पुरोहित ने बताया की सक्रिय सदस्य बनाने की अंतिम तिथि तीस तारीख है व पांच तारीख तक बूथ की सम्पूर्ण संरचना हो आवश्यकरूप से हो जानी चाहिए एवं पाँच से लेकर पंद्रह दिसंबर तक मंडल अध्यक्ष के चुनाव प्रदेश निर्देशानुसार तय सीमा तक पूरे किए जाने है ।संगठन प्रभारी ने निर्देश दिए की सदस्यता अभियान की ऑफ लाइन डायरिया तत्काल प्रभाव से जमा करवा के संगठन पर्व की प्रक्रिया पूर्ण करे जिससे जिसका अध्यक्ष की प्रक्रिया को तय समय पर पूरा किया जा सके। संगठन पर्व डूंगरपुर के पर्यवेक्षक प्रमोद सामर ने कहा की शून्य से शिखर तक ले जाने वाला कार्यकर्ता होता है भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता इसकी धरोहर है जिसे अक्षुण रखना है इसलिए किसी भी प्रकार से बुथ अध्यक्ष से लेकर जिलाध्यक्ष तक सर्वसम्मति से बनाना है इसलिए संगठन की रचना में चुनाव न होकर पर्व के रूप में सम्पादित करना है। सुशील कटारा ने बताया कि प्रदेश निर्देशानुसार संगठन संरचना में प्रत्येक स्तर पर निश्चित आयु का निर्धारण किया गया है जिसमे बूथ अध्यक्ष 2०-35 वर्ष एमंडल अध्यक्ष 35-45 आयु वर्ग एवं जिला अध्यक्ष 6० वर्ष की आयुवर्ग का बन पायेगा । कटारा ने बताया की हमारी प्रत्येक पदाधिकारी अपनी विरासत अब नए कार्यकर्ताओं को सौंपे जिसमे 1०17 बुथ है तो उन बूथों पर 2० वर्ष की आयु वर्ग के युवाओ को मोका दे जिससे संगठन में 1०17 नए युवा जुडेंगे।

कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में दी योजनाओं की जानकारी

बांसवाड़ा,।कृषि विज्ञान केंद्र प्रशिक्षण सभागार में अखिल भारतीय समन्वित कंदिय फसलों अनुसंधान परियोजना अंतर्गत कंदीय फसलों की उन्नत खेती पर कृषक प्रशिक्षण एवं दूग्ध संकलन के लिये केन का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अनुसूचित जाति उपयोजना के अनुसूचित जाति परिवारों के कृषको ने भाग लिया। परियोजना प्रभारी डॉ वीरेंद्र सिंह ने महाराणा प्रताप कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से उद्यान विज्ञान विभाग के सहयोग से कंद फसल रतालू अरबी शकरकंद एवं सुरण की महत्ता एवं उन्नत खेती की तकनीकी जानकारी पर प्रशिक्षण दिया वहीं बागवानी फसलों के बारे में कृषकों को जानकारी देते हुए उन्नत तकनीकी अपनाने के लिये प्रेरित किया गया व विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में जनजाति क्षेत्र के कृषको से उन्नत बीज का उपयोग कर अपनी पैदावार को अधिक बढ़ाने का आ ान करते हुए बीज व अनाज पैदावार से लेकर भंडारण तक की जानकारी दी। साथ ही कंदीय फसलों को अपनाने एवं अपनी आय बढ़ाने एवं कृषकों को समन्वित खेती अपनाने का आान किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के समन्वयक डॉ. बीएस भाटी ने कृषि विज्ञान केंद्र पर संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को मुर्गी पालन, फल एवं उद्यानिकी, पुष्प उत्पादन, बकरी पालन, डेयरी एवं पशुपालन की जानकारी देते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत कराया।

साथ ही किसानों को अपने खेतों पर तारबंदी एवं अन्य कृषि उपकरणों पर आदान अनुदान संबंधी जानकारी दी। उन्होंने कृषि एवं उद्यान विभाग की ओर से संचालित विभिन्न अनुसूचित जाति वर्ग की योजनाओं की जानकारी देते हुए क्षेत्र में उद्यान विभाग की ओर से किसानों को उद्यानिकी अनुदान आदान पर चर्चा की एवं अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. महेंद्र ने भी किसानों को प्रशिक्षण दिया। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष कोदरलाल बुनकर ने कृषकों को कम लागत में कृषि को बढ़ावा देने एवं आय बढ़ाने के लिये नवीनतम तकनीकी खेती अपनाने का आ ान किया। उन्होंने कृषकों से खेती के साथ-साथ पशुपालन एवं डेयरी व्यवसाय, बकरी, मुर्गी पालन, उद्यानिकी, फल फूल एवं उद्यानिकी खेती अपनाने पर बल दिया वहीं कम खेती वाले कृषकों को सब्जी उत्पादन सहित अन्य कृषि आधारित व्यवसाय को बढ़ाकर अपनी आय बढ़ाने के लिये प्रेरित किया। दूरसंचार सलाहकार समिति सदस्य डूंगर लाल देवड़ा ने राज्य और केंद्र सरकार की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए इनका लाभ लेने के लिये प्रेरित किया वहीं जिला परिषद के माध्यम से जिला रोजगार गारंटी योजना एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ, उद्यानिकी विभाग की गतिविधियों का लाभ किसानों तक पहुंचाने पर बल दिया। कृषि विज्ञान केंद्र की डॉ. रश्मि दवे ने कृषि विज्ञान केन्द्र की ओर से संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं प्रशिक्षणो की जानकारी देते हुए किसानों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुडऩे के लिये प्रेरित किया वहीं ऊंकार लाल बुनकर, हितेश बुनकर आदि ने भी मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर कृषकों को प्रशिक्षण दूग्ध संकलन के लिये केन का भी वितरण किया गया।

'जागरुक व सजग रहकर अधिकारों का उपयोग करें'

बांसवाड़ा,(निसं)। राष्ट्रीय अनुसूचित जन जाति आयोग अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने कलेक्ट्रेट सभागार में वनरक्षा समिति वनाधिकार हितग्राही एव पिसा एक्ट समिति के सदस्यों के साथ संवाद कर उनके अधिकारों व हितों पर चर्चा की और इन विषयों पर जागरुकता अपनाते हुए अपने अधिकारों व हितों का लाभ लेने का आ ान किया। आर्य ने आयोग के उद्देश्यों और कार्यप्रणाली की जानकारी देते हुए बताया कि आयोग की ओर से अनुसूचित जनजातियों के लिए प्रदान किए गए सुरक्षा उपायों से संबंधित सभी मामलों की जांच और निगरानी करने और ऐसे सुरक्षा उपायों के कामकाज के मूल्यांकन, अनुसूचित जनजातियों के अधिकारों की रक्षा और सुरक्षा उपायों से वंचित करने के संबंध में विशिष्ट शिकायतों की जांच करने अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक-आर्थिक विकास की योजना प्रक्रिया में भाग लेना और सलाह देना तथा संघ और किसी राज्य के अंतर्गत उनके विकास की प्रगति का मूल्यांकन के कार्य प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि आयोग अनुसूचित जनजातियों के लिए संवैधानिक सुरक्षा, आम समस्याओं पर विचार करने और उन्हें अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में निरन्तर प्रयासरत रहा है।

प्रयागराज में कुंभ के लिये 'थाली थैली' अभियान का आगाज

बांसवाड़ा । आगामी माह में प्रयागराज में लगने वाले विशाल कुंभ मेले में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से नटवरानंदी वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से एक थाली एक थैली अभियान का आगाज किया गया है। बड़ा रामद्वारा में कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए संत रामप्रकाश महाराज ने कहा कि पर्यावरण के प्रति सावचेत रहना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। महाकुंभ में करोड़ो लोग सम्मिलित होंगे ऐसे में पर्यावरण संरक्षण के लिये यदि हम अपनी क्षमतानुसार थाली और थैली भेंट करेंगे तो पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता की मिसाल कायम होगी। अध्यक्ष महेन्द्र त्रिवेदी ने बताया कि अभियान को आशातीत सफलता मिल रही है। संत रामप्रकाश महाराज ने 11 थाली और 11 कपड़े की थैली, इसी तरह दिनेश रावल, योगेश स्वर्णकार, नारायण सालडिय़ा, महेन्द्र त्रिवेदी, डॉ. टीना कुमारी निनामा, करण मेठानी, त्रिभुवन व्यास, रजनीश गुप्ता ने 11-11 थाली और कपड़े की थैली वहीं डॉ. हार्दिक जैन ने 100 थाली और 100 कपड़े की थैली का सहयोग प्रदान किया है। इच्छुक व्यक्ति रामद्वारा में थाली और थैली भेंट कर सकते हैं।

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)
Email:-np_ntd@yahoo.in Phone.-02953-233526
क्रमांक/न.पा.नाथ./नामा./2024/13364 दिनांक : 29/11/2024

-:आपत्ती सूचना:-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/ पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/ नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/ नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पड़ौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्री बालु सिंह बल्ला पिता श्री चन्दन सिंह बल्ला मामा देव की भागल बडगुल्ला कालींजर जिला-राजसमंद	भूखण्ड संख्या -14 क्षेत्रफल 11635.4 वर्गफिट, कैलाश नगर, बागोल रोड, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या -15	भूखण्ड संख्या -13	30 फिट रोड	अन्य कृषि भूमि

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक

डूंगरपुर। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वृत्त डूंगरपुर की ओर से जल जीवन मिशन के तहत अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश धाकड की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की 37 वीं बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जल जीवन मिशन के तहत योजनाओं की प्रगति एवं एफ एचटीसी की प्रगति एवं बैठक के एजेण्डा के अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की गई। अधिशाषी अभियंता मूलचंद रोत ने जिले में जल जीवन मिशन की प्रगति को अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश धाकड के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ने एफएचटीसी की प्रगति बढाने तथा योजना का कार्य शीघ्र पूरा करवाने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित अधिशाषी अभियंता परियोजना तथा सभी सहायक अभियंताओं को एफएचटीसी के लक्ष्य निर्धारित किए। साथ ही स्कूल एवं आंगनवाडी केन्द्र पर जल संबंध से संबंधित चर्चा हुई तथा साथ ही पूर्ण हो चुके गांवों में हर घर जल प्रमाण-पत्र लेने व उनको आईएमआईएस पर इन्द्राज करने के लिए आईएसए को पाबंद करने के निर्देश दिए गए।

स्थायित्व के लिए समय के साथ सकारात्मक बदलाव आवश्यक - प्रो. सारंगदेवोत

उदयपुर, । स्थायित्व प्राप्त करने के लिए समय के साथ सकारात्मक बदलाव लाना आवश्यक है। यह बात राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति प्रो. कर्नल एस एस सारंगदेवोत ने गुरुवार को जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुर के जन शिक्षण एवं विस्तार कार्यक्रम निदेशालय और दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम पर एक दिवसीय कार्यशाला में कही। क्षमता विकास, सकारात्मक दृष्टिकोण और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कर्नल एस.एस. सारंगदेवोत ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि किसी भी प्रणाली को सफल बनाने के लिए उसे समर्थन देना आवश्यक है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की भूमिका पर चर्चा करते हुए कहा कि इसके सही उपयोग के लिए आम जनता के भ्रम को दूर करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि एआई के कारण रोजगार छिनने का डर केवल एक भ्रांति है और इसे समझने के लिए एक संतुलित और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

> ■ **विद्यापीठ में कैपेसिटी बिल्डिंग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन**

उन्होंने कहा, "चरित्र से चरित्रवान बनना महानता को चरितार्थ करता है।" उन्होंने यह भी कहा कि क्षमता विकास और चरित्र विकास में आत्म-प्रेरणा और आत्मविश्वास की अहम भूमिका होती है। प्रो. सारंगदेवोत ने यह भी कहा कि छोटे से छोटा कार्यकर्ता भी बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान कर सकता है। उन्होंने सकारात्मक दृष्टिकोण और निरंतर प्रयास को सफलता का मूल मंत्र बताया।

विशिष्ट अतिथियों में जगदीप सिंह, कुल प्रमुख भंवरलाल गुर्जर, सहायक कुलसचिव धर्मेंद्र राजोरा और पीठ स्थविर कौशल नागदा, जन शिक्षण एवं विस्तार कार्यक्रम के प्रो. राजीव शुक्ला शामिल थे। कार्यक्रम में दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड के क्षेत्रीय प्रबंधक जगदीप सिंह और कुलप्रमुख भंवरलाल गुर्जर , पीठ स्थविर डॉ कौशल नागदा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।कार्यशाला में विशेष अतिथि कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर ने भी उपस्थित कार्यकर्ताओं से कहा कि हमेशा जीवन में अनुशासन के साथ आगे बढ़ना चाहिए। जिस व्यक्ति में अनुशासन होगा वह व्यक्ति अपना निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने में सफल होगा।कार्यशाला में जनशिक्षण एवं विस्तार कार्यक्रम निदेशक बाल कृष्ण शुक्ला ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।कार्यशाला में जन शिक्षण एवं विस्तार कार्यक्रम निदेशालय के निदेशक प्रो. राजीव शुक्ला ने क्षमता विकास की संकल्पना अवस्थित परिचय देते हुए विषय प्रवर्तन प्रस्तुत किया।डॉ कौशल नागदा ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं प्रतिभागियों को नई ऊर्जा और उत्साह प्रदान करती हैं। सहायक कुलसचिव धर्मेंद्र राजोरा ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कार्यशाला पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम का संचालन प्रो. संजीव राजपुरोहित ने किया। कार्यशाला में पीठ स्थविर डॉ कौशल नागदा, जनशिक्षण एवं विस्तार कार्यक्रम के सहायक निदेशक डॉ संजीव राजपुरोहित, सहायक रजिस्ट्रार डॉ धर्मेंद्र राजौरा, राकेश दाधीच, डॉ विजय दलाल, तृप्ता जैन, डॉ सोनू बडाला, डॉ यज्ञ आमेटा, के के कुमावत, पीरुकांत मीणा, मरजीना बानू, बद्री मीणा, स्नेहलता शर्मा, विजय गर्ग, नरेंद्र सेन, यशोदा आमेटा, लोगर लाल गायरी, मनोहर सिंह चुंडावत उपस्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत नपानिया
पं.स.भदेसर, जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक/ग्रा.पं./नपानिया/2024-25/ 25 दिनांक-28.11.24

ई-निविदा सूचना

ग्राम पंचायत को वित्त वर्ष 2024-25 के लिये पंचायती राज की मनरेगा योजना एवं पंचायती राज की अन्य योजनाओं के लिये सामग्री आपूर्ति कार्य एवं पेयजल संबधी कार्यो की सामग्री एवं बोर खनन हेतु वाणिज्य कर विभाग में जी.एस.टी. अधिनियम-2017 के तहत पंजीकृत एवं अनुभवी फर्मो/ सप्लायर्स से वार्षिक दर अनुबंध करने के लिये ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती है, निविदा से समस्त जानकारी एवं शर्ते वेब साईट http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पोर्टल पर देखी जा सकती है।

1.UBNNO. ZCH2425WSOB01675
2.UBNNO. ZCH2425WSOB01676
3.UBNNO. ZCH2425WSOB01677

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत नपानिया
पंचायत समिति भदेसर
जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.)

सरपंच
ग्राम पंचायत नपानिया
पंचायत समिति भदेसर
जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.)